## सार-समाचार

### राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन कल

**पाली**, (नि.सं.)। राष्ट्र सेविका समिति पाली विभाग की सेविकाओं का पथ संचलन नवीनोदय बुधवार को निकाला जाएगा। यह संचलन बांगड़ महाविद्यालय खेल मैदान से निकलेगा। जिसमें पूर्ण गणवेश में सेविकाएं घोष की ताल के साथ कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन करेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कार्यवाहिका अंजना सराफ ने बताया कि 15 जनवरी बुधवार को पाली विभाग की स्वयंसेविकाएं शहर के बांगड़ महाविद्यालय खेल मैदान में दोपहर 2:45 बजे सेविकाओं का एकत्रीकरण रखा गया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय प्रमुख कार्यवाहिका माननीया अन्नदानम् सीता गायत्री द्वारा सेविकाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। उसके पश्चात ठीक 4 बजे बांगड़ महाविद्यालय खेल मैदान से पथ संचलन प्रारंभ होगा जो शहर के विभिन्न मार्गो शिवाजी सर्कल, लोढा स्कूल, सुरजपोल, अहिंसा सर्कल, डिस्ट्रीक्लब चौराया होते हुए निकलेगा जिसका समापन बांगड़ स्कुल पर होगा। संचलन को लेकर शहर वासियों में भरपूर उत्साह है। कार्यक्रम की पूर्व तैयारी हेतु स्वयंसेविकाओं द्वारा सोजत, रायपुर, जैतारण, बाली सहित कई स्थानों पर नियमित अभ्यास किया जा रहा है।

### जोधपुर में तीन बेटियां घर से गायब हुई

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर और जोधपुर ग्रामीण में नाबालिग के घर से गायब होने के मामले बढ़ रहे हैं। शहर में सोमवार को भी इसको लेकर दो मामले सामने आए हैं जबकि जोधपुर ग्रामीण में एक मामला सामने आया। ये बेटियां मर्जी से कहीं गई या किसी बदमाश का शिकार बनी है, इसका पता नहीं चल सका है। बेटियों के गायब होने की वजह से परिजनों का बुरा हाल है। पहला मामला बनाड़ थाने में एक व्यक्ति ने दर्ज करवाया। बताया कि धापी मार्बल के पास उनका मकान है। जहां से 11 नवंबर की रात को सभी घर वाले सोए हुए थे। अगले दिन सुबह उठे तो उनकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं मिली। परिजनो ने उसे बहुत ढूंढा मगर पता नहीं चला। दूसरा मामला वेस्ट जिले के बोरानाडा थाने में दर्ज हुआ। 42 वर्ष के व्यक्ति ने रिपोर्ट देकर बताया कि उनकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई आसपास की जगह पड़ोसियों, रिश्तेदारों से जानकारी लेने पर भी नहीं मिली है। घर वाले बहुत परेशान है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। तीसरा मामला बिलाड़ा थाने में एक व्यक्ति ने दर्ज करवाया। उसने बताया कि उनकी 24 वर्षीय बेटी घर से बाजार जाने का बोलकर निकली लेकिन अभी तक वापस नहीं मिली। बेटी कहां गई इसका पता नहीं चल सका है।

### पटवारी हड़ताल पर, कार्य नहीं किया

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान पटवार संघ के आहवान पर नौ सूत्री मांगों को लेकर सभी पटवारी आज से बेमियादी हड़ताल पर उतर गए। जिला अध्यक्ष मनोहर बिश्नोई ने बताया कि गिरदावरी एप में पटवार संघ की मांग के अनुरूप आवश्यक संशोधन सहित अन्य मुद्दों को लेकर पटवारी हड़ताल पर रहे। राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले पटवारियों ने अनिश्चितकालीन कार्य का बहिष्कार कर दिया है। प्रदेश भर में करीब साढ़े नौ हजार पटवारी हड़ताल पर चले गए है। उन्होंने बताया कि नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पटवार संघ राजस्थान लंबे समय से आंदोलन की राह पर है। पूर्व में सरकार से मिले आश्वासन के बाद राज्य भर के पटवारी काम पर लौटे थे लेकिन सरकार की ओर से समय रहते मांगों को पूरा नहीं किया गया। जिसके चलते पटवारी वापस आंदोलन करने को मजबूर है।

### प्रतिबंधित चायनीज मांझा बेचने पर केस

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर शहर के पतंग मार्केट घासमंडी में प्रतिबंधित चायनीज मांझा बेचने पर एक दुकानदार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने केस दर्ज किया है। दुकान से चायनीज मांझे की चर्खियां जब्त की गई। सदर बाजार थाने के एसआई गोविंदराम को सूचना मिली कि पतंग मार्केट घासमंडी में एक पतंग की दुकान पर प्रतिबंधित चायनीज मांझा बेचा जा रहा है। इस पर पुलिस की टीम के साथ वहां रेड दी गई। पुलिस ने बंबा मोहल्ला वहीद पार्क के पास रहने वाले शेख असगर पुत्र हुसैन असगर के खिलाफ कार्रवाई की और केस दर्ज किया।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सहकारी समिति की भूमिका पर चर्चा की

**■ पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियाां और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका पर संगोष्ठी आयोजित**

**जोधपुर**, (कासं) । सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के प्रभावी नेतृत्व में राज्य सरकार सहकारिता के क्षेत्र में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अपने पहले ही बजट में किसान सम्मान निधि देने का वादा किया है। राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत "मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि" योजनान्तर्गत 65 लाख से अधिक कृषकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल 653.40 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए है।

सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री दक पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 के तहत सोमवार को सहकार भारती जोधपुर महानगर की ओर से बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियां (पैक्स ) और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। दक ने कहा कि देश का समग्र आर्थिक विकास सहकारिता के माध्यम से ही सम्भव है। इस दिशा में प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) को बहुउद्देशीय पैक्स के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करने का केंद्र सरकार का यह निर्णय मील का पत्थर सिद्ध होगा।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारिता आंदोलन जन-जागरण और सामाजिक परिवर्तन का पवित्र और उत्तम साधन बना रहे, यही इसकी मूल भावना है। सहकार भारती सहकार जगत की अखिल भारतीय प्रतिनिधि संस्था के रूप में कार्यरत है। यह समर्पित, ध्येयनिष्ठ, ईमानदार, संस्कारयुक्त, सेवाभावी कार्यकर्त्ताओं का संगठन है। उन्होंने कहा कि सहकार भारती एक अर्थ में केवल संस्था ही नहीं वरन् समाज परिवर्तन की दिशा में प्रयत्नशील एक खुला मंच है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बना कर उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी के रूप में सक्षम बनाने हेतु लिए गए नीतिगत निर्णयों तथा सहकारिता क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे अन्य नवाचारों की जानकारी दी। साथ ही, सहकार भारती द्वारा पैक्स के संवर्धन, विकास और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने उत्सव में केंद्रीय पंडाल का अवलोकन किया।

इस अवसर पर विधायक सूरसागर देवेंद्र जोशी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के सदस्य रतनलाल डागा, प्रदेश अध्यक्ष सहकार भारती राजेंद्र कुमार थानवी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेलयात्रियों को डिजिटल पेमेंट का महत्व समझाया

**जोधपुर**, (कासं) । रेलयात्रियों व आमजन में डिजिटल पेमेंट के प्रति जागरूकता लाने के महत्ती उद्देश्य से उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर भारत एवं स्काउट गाइड की ओर से तीन रेलवे स्टेशनों पर जनजागरूकता रैली निकाली गई।

स्काउट के जिला आयुक्त मंडल कार्मिक अधिकारी/इंचार्ज अभिषेक गांधी ने बताया कि रैली के माध्यम से स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने जोधपुर,राइकाबाग और भगत की कोठी रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न नारों व बैनर के जरिए रेलयात्रियों व उनके परिजनों को रेलवे में डिजिटल पेमेंट के प्रति जागरूक किया।

जिला आयुक्त (कब) सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि रैली के माध्यम से स्काउट एवं गाइड के बच्चों व रेलकर्मचारियों ने यात्रियों को अनारक्षित टिकट प्रणाली( यूटीएस मोबाइल एप) के जरिए भी ऑनलाइन टिकट खरीदने के प्रति भी जागरूक किया और मोबाइल में यूटीएस एप डाउनलोड करवाया।

उल्लेखनीय है कि जोधपुर मंडल द्वारा सभी रेलवे स्टेशनों पर डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा और यात्रियों की सुविधा हेतु क्यू आर कोड डिवाइस लगाए गए हैं जिसका यात्रियों द्वारा लाभ उठाया जा रहा है। खेड़ा ने बताया कि डिजिटल पेमेंट से यात्रियों को टिकट लेने के लिए लाइन में लगने और खुल्ले पैसे की समस्या से छुटकारा मिल रहा है। इस तरह के भुगतान से ट्रांसपेरेंसी को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# खुले में पेशाब करने से टोका तो जान से मारने की धमकी दी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में एक अधेड़ ने खुले में पेशाब कर रहे और गुटखा थूक रहे युवक को टोक दिया। गुस्से में युवक ने जान से मारने की धमकी दे डाली। कोतवाल किशोरसिंह ने बताया- पाली के सोजतिया बास में रहने वाले प्रकाश कांकरिया (55) पुत्र सोहनलाल कांकरिया ने ने बताया कि 5 नवंबर 2024 को सुराणा मार्केट में सुशील कुमार पुत्र हुकमीचंद ने मेरी दुकान के आगे गुटखा थूका। वह खुले में पेशाब कर रहा था। हरकतें देख खुले में पेशाब नहीं करने और दुकान के आगे गुटखा नहीं थूकने की बात कही थी। वह गुस्सा हो गया। झगड़े पर उतारू होकर जान से मारने की धमकी तक दे दी।

# ठंड बढ़ी, लोग ले रहे हैं अलाव का सहारा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर में सोमवार को दिनभर बर्फीली हवाओं का कहर रहा। यहां सुबह से ही मौसम में ठंड का असर देखा गया। सुबह शहर की सडक़ों पर कोहरा छाया रहा। इसके बाद दिनभर ठंडी हवाएं चलने के कारण तापमान भी लुढ़क गया।

जोधपुर शहर में आज न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। पश्चिमी राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदले मौसम ने ठिठुरन बढ़ा दी है। पिछले दो दिन से शहर में सुबह और शाम के पारे में भी गिरावट नजर आई है। आज सुबह दस बजे तक की बात की जाए तो बादल छाए रहने और कोहरे की वजह से धूप भी नहीं निकली। इसके चलते भी ठंड का असर काफी बढ़ गया। लोग सर्दी से बचने के लिए तरह-तरह के जतन करते हुए नजर आए। शहर की सडक़ों पर ठंड के चलते आम जनजीवन खासा प्रभावित रहा। तीखी ठंड के कारण हाथ और पैरों की अंगुलियों में गलन शुरू हो गई। बर्फीली हवा शरीर को बेधकर तीर सी चुभ रही थी। तेज बर्फीली हवाएं सर्दी को और तीव्र बना रही थी। हवा की गति 15-20 किमी प्रति घंटे के बीच थी। तेज हवा के साथ नमी सौ प्रतिशत होने से ठंड का अहसास अधिक हो रहा था।

### शीत लहर व कोहरा का असर जारी

**पाली**, (नि.सं.)। उत्तरी पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते पिछले दो दिनों से पाली शहर सहित जिले में कोहरा व शीतलहर का प्रकोप जारी है।

सोमवार को भी सुबह कोहरा के साथ दिन पर शीत लहर चली। ठंडी शीत लहर कारण शहर वासी देरी से बाहर निकले और दिन पर अलाव जलाकर और चाय की चुस्कियां लेकर ठंड मिटाने का प्रयास करते रहे।

सुबह-सुबह चालक भी वाहन की लाइट चला कर चले। सभी लोग गर्म लबादो में नजर आएं

तापक्रम भी गिरकर 5 डिग्री तक पहुंच गया। अभी 2 दिन और शीतलहर की संभावना बताई है।

# शिक्षा से ही समाज व राष्ट्र का विकास होता है : पटेल

**जालोर**, (कासं)। शिक्षा से नागरिकों में आत्मविश्वास, आत्मगौरव, और आत्मसंतोष जैसे भाव विकसित होते हैं, शिक्षा से समाज सेवा जैसे सदगुण विकसित होते हैं। शिक्षा से सामाजिक मानदंडों और मूल्यों के प्रति आदर विकसित होता है, शिक्षा से व्यक्ति में ज्ञान और समझ का विकास होता है। सभी बातों का सार एक है कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में शिक्षित होना नितांत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकते हैं।

उक्त उद्गार श्री राजाराम आंजणा कलबी समाज छात्रावास जालोर के अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल पांणवा ने छात्रावास परिसर में संत राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउंडेशन राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता एवं केरियर गाईडेंस सेमिनार में व्यक्त किये। शिक्षाविद् नारायणलाल चौधरी खारा ने जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता एवं केरियर गाईडेंस सेमीनार को सम्बोधित करते हुये बताया कि आज का समय स्मार्ट लर्निंग का है। जिसमें प्रतियोगी परीक्षार्थी को समयबद्ध तरीके से विषयवार प्रत्येक विषय का गहनता से अध्ययन के साथ तकनीकि शिक्षा को भी माध्यम अवश्य बनाना चाहिए।

व्याख्यता रमेश चौधरी ओड़वाड़ा ने बताया कि कम पढ़ो, लेकिन सारग्रर्भित अध्ययन करें, जिससे निश्चित सफलता मिलेगी।

जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता एवं केरियर गाईडेंस सेमिनार के समन्यक व्याख्याता झालाराम चौधरी ने बताया कि संत राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउंडेशन द्वारा प्रति वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन ब्लांक, जिला एवं राज्य जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता एवं करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में राजारामजी आंजणा कलबी समाज छात्रावास जालोर में समाजबन्धुओं की उपस्थिति में आराध्य देवी राजेश्वर भगवान की ईंश वंदना के साथ जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता एवं केरियर गाईडेंस सेमिनार किया गया। क्विज प्रतियोगिता एवं केरियर गाईडेंस सेमिनार में ब्लॉक स्तर पर टॉप रहे विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर हिस्सेदारी दर्ज करवाई।

# विद्यार्थियों के लिए दो दिन का अवकाश घोषित

**जोधपुर**, (कासं)। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान एवं बढ़ती ठंड को देखते हुए जोधपुर जिले में संचालित समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी कर अत्यधिक शीत लहर के दृष्टिगत जिले में संचालित समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शीत लहर व ठण्ड के प्रभाव से बचाव एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के मध्यनजर 14 व 15 जनवरी का अवकाश घोषित किया है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

(सर्वे व निर्माण)

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-द्वितीय उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए **ई-निविदा (खुली निविदा-दोहरी पैकेट पद्धति)** आमंत्रित करते है। **1. निविदा सूचना संख्या :** DY CE/C-II-JU-T-10-LUNI-SMR-BLDI **2. कार्य का नाम स्थान सहित :** Laying and linking of Broad Gauge main Line, including points and crossings, spreading of Ballast, tamping of track, transportation of P.Way Materials and other ancillary works from Bishangarh (Excluding) Km 49.000 to Marwar Kori (Including) Km 133.000 in connection with LUNI-SMR-BLDI doubling project of North Western Railway **3. कार्य की अनुमानित लागत :** रूपये 34,28,97,100.90 **4. जमा की जाने वाली बयाना राशि :** रूपये 18,64,500.00 **5. ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 13.02.2025 15.00 बजे तक। **6. वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई - निविदा देखी व भरी जा सकती हैं:** www.ireps.gov.in **7. कार्यालय ई-मेल का पता :** dycec2jodhpur@gmail.com

48-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें




